हादसा

घुघरी-बिछिया मार्ग पर टकराईं दो मोटरसाइकिलें, हेलमेट नहीं होने से सिर पर आई गंभीर चोटें

# दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग हुए घायल



**घुघरी, नवभारत।** जिले के पुलिस थाना घुघरी क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बताया गया कि मंगलवार को घुघरी-बिछिया मुख्य मार्ग पर ग्राम खजरी और बनेहरी के बीच दो तेज रफ्तार मोटर साइकिलों की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और उन पर सवार तीनों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े।

जानकारी अनुसार बुधराम सैय्याम (30) और रामप्रसाद साहू, निवासी दानीटोला अपनी मोटरसाइकिल से घुघरी की ओर से दानीटोला जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा (बिछिया) से आ रहे मोटरसाइकिल सवार संदीप यादव, निवासी चाबी ठेभा के साथ उनकी आमने-सामने की टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे का मुख्य कारण तेज रफ्तार थी, जिसके चलते चालक संतुलन खो बैठे।

### हेलमेट नहीं होने से बढ़ी गंभीरता

इस हादसे में सबसे चिंताजनक बात यह रही कि किसी भी मोटर साइकिल सवार ने हेलमेट नहीं पहना था। बिना सुरक्षा कवच के सड़क पर गिरने के कारण उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। घायलों में से दो की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। बताया गया कि हाल ही में पुलिस द्वारा जिले भर में विशेष अभियान चलाकर हेलमेट पहनने की अपील की गई थी। इसके बावजूद लापरवाही के कारण लोग अपनी अनमोल जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं। यदि सवारों ने हेलमेट पहना होता, तो सिर की चोटों की गंभीरता को कम किया जा सकता था।

घटना की सूचना मिलते ही घुघरी पुलिस और डायल-112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को वाहन में लिटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघरी पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और एक बार फिर आमजन से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है।

### जिला अस्पताल में मरीज की मौत के बाद हंगामा

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत के बाद सोमवार देर रात अस्पताल परिसर में हंगामे की स्थिति बन गई। मृतक के परिजनों ने ड्यूटी पर मौजूद नर्सिंग स्टाफ पर लापरवाही और गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। जानकारी अनुसार 57 वर्षीय प्रहलाद खरारे को 14 मार्च को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का कहना है कि भर्ती के समय मरीज की हालत स्थिर थी और वह सामान्य रूप से बातचीत कर रहे थे। परिजनों के मुताबिक रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात करीब 1.30 बजे ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ ने मरीज को एक इंजेक्शन लगाया। उनका आरोप है कि इंजेक्शन लगाने के लगभग पांच मिनट बाद ही मरीज की मौत हो गई। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने वार्ड में हंगामा शुरू कर दिया और अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। मामले की जांच जारी है।





# लोमड़ी के हमले से महिला, बच्चे सहित मवेशी घायल

**मोहगांव/ सुड़गांव।** विकास खंड मोहगांव के ग्राम सुड़गांव में बीते रविवार की सुबह करीब 10 बजे एक लोमड़ी के हमले से गांव में दहशत फैल गई। लोमड़ी ने अचानक गांव में घुसकर महिला, पुरुष, बच्चे और मवेशियों पर हमला कर दिया, जिससे मानव सहित पशु भी घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार लोमड़ी ने दो महिलाओं, एक बच्चे और दो युवकों सहित एक सुअर तथा एक बैल पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए किसी तरह लोमड़ी को खदेड़कर घायलों को उसके चंगुल से छुड़ाया। घटना के बाद ग्रामीणों ने अपने-अपने साधनों से घायलों को मोहगांव और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। हमले में आशीष कुमार, कांता प्रसाद मार्को, संजय कुमार व्याम, विजय सिंह, समलवत्ती मार्को, योगेंद्र कुमार और गीता बाई घायल हुए हैं। घटना के बाद पूरे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से जंगली जानवर अक्सर गांव की ओर आ जाते हैं, जिससे लोगों और मवेशियों की सुरक्षा को खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

# रात्रिकालीन ट्रेन व पंचवेली के विस्तार की उठी मांग

सांसद ने दिया आश्वासन, कहा-रेलवे मंत्रालय के समक्ष रखेंगे क्षेत्र की समस्याएं



**नैनपुर।** क्षेत्र के रेल विकास और यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर राष्ट्रीय रेल संघर्ष समिति के सदस्यों ने 15 मार्च को सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट की। इस दौरान मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन से जुड़ी पुरानी मांगों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित प्रस्ताव सांसद के समक्ष रखे हैं। प्रमुख मांगों में मंडला, नैनपुर और सिवनी क्षेत्र से बड़ी संख्या में मरीज, छात्र और व्यापारी नागपुर जाते हैं। इसके लिए मंडला फोर्ट-नागपुर रात्रिकालीन फास्ट पैसेंजर शुरू करने की मांग की गई। वर्तमान में संचालित पंचवेली एक्सप्रेस का प्रारंभिक स्टेशन मंडला फोर्ट करने का प्रस्ताव दिया गया, ताकि क्षेत्र को सीधा रेल संपर्क मिल सके। बढ़ते यात्री दबाव को देखते हुए प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने की आवश्यकता जताई गई।

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने समिति की सभी मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिले का समग्र रेल विकास मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है। मैं स्वयं रेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर इन मांगों पर सकारात्मक पहल सुनिश्चित करूँगा। इस बैठक में राष्ट्रीय रेल संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं स्थानीय सदस्य उपस्थित रहे।

### स्कूल में 11वीं के छात्र पर हमला

**जबलपुर।** कैंट थाना अंतर्गत सेंट थॉमस स्कूल में परीक्षा देने गए कक्षा 11वीं के छात्र स्कूल परिसर के भीतर ही कुछ लड़कों ने बेरहमी से मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक अधिवक्ता विक्रांत सिंह का पुत्र समर्थ सिंह सेंट थॉमस स्कूल में 11 वीं कक्षा का छात्र है। सुबह करीब 10:35 बजे समर्थ की क्लास टीचर मुक्ता का फोन आया। उन्होंने घबराते हुए बताया कि समर्थ के साथ कुछ लड़कों ने मारपीट की है आप तुरंत स्कूल आकर अपने बेटे को ले जाएं। जब विक्रांत सिंह स्कूल पहुँचे, तो क्लास टीचर मुक्ता मैडम छात्र समर्थ को सुरक्षा की दृष्टि से हॉल में बिठाए हुई थीं। समर्थ के चेहरे, गले, सिर और बाएँ कान के पीछे चोट के निशान थे। पूछताछ में समर्थ ने बताया कि नवीन, प्रतीक और उनके अन्य साथियों ने समर्थ को घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

# अनुशासन जीवन का महत्वपूर्ण अंग : डॉ मासतकर




**नैनपुर।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम जेवनारा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर के तृतीय दिवस स्वयंसेवकों ने गांव में रैली निकालकर स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य, मतदाता जागरूकता, रक्तदान और नशा मुक्त भारत के संदेश को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली के बाद स्वयंसेवकों ने गांव के आसपास स्थित जल स्रोतों की साफ-सफाई की तथा ग्रामीणों से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने और जल का दुरुपयोग न करने की अपील की। साथ ही गांववासियों को अन्य लोगों को भी स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद आयोजित बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर में बॉटनी विषय के प्राध्यापक कैप्टन डॉ राजेश मासतकर उपस्थित रहे।

उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन जीवन का महत्वपूर्ण अंग है और यही सफलता, स्वास्थ्य तथा सुव्यवस्थित जीवन की नींव है। अनुशासित रहने से समय का सही उपयोग होता है, लक्ष्य प्राप्ति में सहायता मिलती है तथा व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि अनुशासन हमें सही समय पर सही कार्य करने और संयमित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमन मासतकर उपस्थित रहीं।

उन्होंने अपने संबोधन में स्वच्छ और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष दामोदर झारिया ने एनएसएस स्वयंसेवकों को समाज में भाईचारा, मानवता और सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा निधि उईके द्वारा किया गया। इस दौरान एनएसएस के स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# हाईवे पर आतंक मचाने वाली डीजल चोर गैंग के 3 सदस्य गिरफ्तार

नैनपुर की गैंग हिस्ट्रीशीटर शातिर बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे, 360 लीटर डीजल और टाटा हैरियर कार जब्त





**नैनपुर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से ट्रक और डम्परों से डीजल चोरी करने वाली सक्रिय गैंग के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर गैंग के 3 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी नैनपुर क्षेत्र की उस गैंग का हिस्सा हैं, जिनकी पुलिस ने हाल ही में गैंग हिस्ट्रीशीट खोली थी।

पुलिस ने बताया कि यह गैंग टाटा हैरियर जैसी लग्जरी कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 8552 का उपयोग चोरी के लिए करती थी जिससे किसी को शक न हो। आरोपियों के पास से 12 प्लास्टिक जरीकेन में भरा लगभग 360 लीटर डीजल बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान भूपेंद्र ठाकुर (जबलपुर), राहुल यादव (नैनपुर) और नीरज सोनी (नैनपुर) के रूप में हुई है।

### एक ही रात में कई वारदातों को दिया अंजाम

इस गैंग ने 14 और 15 मार्च की दरमियानी रात भारी उत्पात मचाया था। जहां इन्होंने गाजीपुर के पास सड़क किनारे खड़े एक डम्पर का ताला तोड़कर 64 लीटर डीजल पार कर दिया। इसके बाद औघटखपरी महाराजपुर में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर खड़े तीन अलग-अलग ट्रकों से कुल 330 लीटर डीजल कीमत लगभग 30 हजार 875 रूपए का चोरी किया।

### जंगल में घेराबंदी कर दबोचे गए आरोपी

मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रामनगर तिराहा के पास जंगल क्षेत्र में घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद टीम ने उन्हें धर दबोचा। आरोपियों के पास से डीजल के अलावा तीन मोबाइल फोन भी जप्त किए गए हैं।

### इनकी रही मुख्य भूमिका

एसडीओपी पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन में इस पूरी कार्रवाई को सफल बनाने में निरीक्षक शफीक खान, उप निरीक्षक योगेश पाटीदार, एएसआई भुवनेश्वर वमनकर और उनकी टीम प्रधान आरक्षक नंदलाल, संतलाल, अशोक एवं आरक्षक प्रियांशु, मृदुल, रमेश, दुर्गेश, शिव, जगदीश, मानसिंह, संदीप, शैलेंद्र व ब्रजेश का विशेष योगदान रहा।



# नारायणगंज में 10 सिलेंडर किए जब्त

**नारायणगंज।** तहसील क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए मंगलवार को सघन जांच अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान कई होटल एवं ढाबों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का अवैध उपयोग करते हुए पाया गया। जांच टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए कुल 10 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। इनमें राजपूत ढाबा से 1, ओम ढाबा से 1, दीदी कैफे से 3 और राहुल भोजनालय से 1 सिलेंडर सहित अन्य स्थानों से भी सिलेंडर पाए गए।

प्रशासन ने सभी मामलों में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। यह संयुक्त कार्रवाई तहसीलदार नारायणगंज संगम पटले के नेतृत्व में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अजय झारिया, मुख्यालय पटवारी धर्मेंद्र आरमो, आरक्षक प्रशांत बघेल सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# 6 .60 लाख नकद समेत जेवर ले गए चोर

इलाज के लिए नागपुर गया परिवार, घर में हुई चोरी

**जबलपुर।** माढोताल थाना अंतर्गत ग्रीन सिटी, बाबा बर्फानी नगर में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर करीब 6 लाख 60 हजार रुपये नगद और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। घटना उस वक्त हुई जब गृहस्वामी अपने बीमार ससुर का उपचार कराने के लिए परिवार सहित नागपुर गए हुए थे।

पुलिस के अनुसार बाबा बर्फानी नगर वार्ड नं. 72 निवासी नरेंद्र बैरागी (46) प्रॉपर्टी सेल्स का कार्य करते हैं, वे अपने ससुर ससन लाल डेहरिया का इलाज कराने पत्नी पूजा और सास चंद्रकला के साथ नागपुर गए थे । जब जबलपुर वापिस लौटे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा था। कमरों के भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा था और बेडरूम में रखी अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। अलमारी के लॉकर में रखे जेवरात और नगदी गायब थे। चोरों ने सोने के हार 13 ग्राम, दो मंगलसूत्र, 6 ग्राम की चेन, 5 अंगूठियां, 15 ग्राम के सोने के कंगन, चांदी की करधन 500 ग्राम, 250 ग्राम की पायल, , पायल, 6 जोड़ी बिछिया, प्रॉपर्टी के काम के लिए रखे 6 लाख 60 हजार रुपये नगद गायब थे। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आसपास के क्षेत्रों में लगे कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### रांझी में भी सूने घर का टूटा ताला, आभूषण चोरी

रांझी थाना अंतर्गत पुरानी बस्ती कटनी दफाई में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए अलमारी के लॉकर में रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब परिवार शादी समारोह में गया हुआ था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कटनी दफाई निवासी श्रीमती माला बिहुनिया (40) की 14 मार्च को अपने पति और बच्चों के साथ ग्राम घाना खमरिया में अपनी ननद के घर आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। घर पर कोई नहीं था। हालांकि पीड़िता का देवर सुधीर बिहुनिया अगले दिन सुबह करीब 6 बजे घर लौट आया था। घटना का खुलासा तब हुआ जब 15 मार्च की शाम करीब 5:30 बजे माला बिहुनिया वापस अपने घर पहुंचीं। उन्होंने देखा कि कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। जब वह घबराकर अंदर गईं, तो देखा कि अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था और लॉकर का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने अलमारी के लॉकर में रखे सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए।

### इधर सिहोरा गया परिवार, घर का ताला तोड़ जेवरात, नकदी ले गए चोर

अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर जेवरात एवं नगदी चुराकर ले गए। चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब परिवार सिहोरा गया हुआ था । पुलिस के मुताबिक सौरभ मिश्रा 29 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी महाराजपुर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह इमलई देवरी पनागर में जूपिटर वैगन लिमिटेड कम्पनी में काम करता है। वह अपने परिवार को लेकर दोपहर लगभग 1-30 बजे कोमीसधारा सिहोरा गया था घर पर ताला लगा दिया था, जब घर वापस आकर देखा तो बाहर का गेट का ताला लगा था दरवाजे का ताला टूटा था अंदर सामान फैला हुआ था किचन में रखे डिब्बे के अंदर रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी 38 हजार रूपये गायब थे।

### प्रतिदिन चलेगी पुणे-दानापुर स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे द्वारा आगामी समर पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मध्य रेल से प्रारंभ टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01449/50 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतव्य को जाएगी। पुणे-दानापुर-पुणे प्रतिदिन स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01449 पुणे से दानापुर स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 01 से 14 अप्रैल तक एवं समर के अवसर पर 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रतिदिन पुणे स्टेशन से दोपहर 15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी प्रात: 05:40 बजे, जबलपुर सुबह 09:05 बजे, कटनी 10:×0 बजे, सतना दोपहर 12:55 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए तीसरे दिन 02:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01450 दानापुर से पुणे स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 3 अप्रैल से 16 तक एवं समर के अवसर पर 17 अप्रैल से 17 जुलाई तक प्रतिदिन दानापुर स्टेशन से प्रात: 05:00 बजे प्रस्थान कर सतना 18:10 बजे, कटनी 19:50 बजे, जबलपुर रात 21:35 बजे, पहुँचकर अगले दिन इटारसी 01:20 बजे और सायं 18:15 बजे पुणे स्टेशन पहुँचेगी।



# उत्साह के साथ फील्ड पर नजर आया राजस्व अमला : अहिरवार

अधिभार रहित बकाया करों की राशि जमा करने अब मात्र 15 दिन शेष

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम के राजस्व अमले में नई ऊर्जा भरने और वित्तीय वर्ष के अंत तक शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के लिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। निगमायुक्त ने दो टूक शब्दों में कहा कि अब अधिभार रहित कर जमा करने के लिए मात्र 15 दिन शेष हैं, ऐसे में अधिकारी और कर्मचारी अपने उत्साह को बढ़ाएं और फील्ड पर सक्रियता दिखाएं। बैठक में राजस्व निरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों और करसंग्रहिताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे प्रतिदिन करदाताओं से संपर्क स्थापित करें। निगमायुक्त ने कहा कि शहर का विकास करदाताओं के सहयोग पर निर्भर है, इसलिए वसूली का प्रतिशत बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है। निगमायुक्त ने जिन आवासीय भवनों में कमर्शियल गतिविधियां संचालित हो रही हैं, उनका तत्काल पुन: सर्वे कर व्यावसायिक दर से कर निर्धारण किया जाए।

### अवैध व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ बरती जाए सख्ती

निगमायुक्त ने अवैध रूप से संचालित हो रहे होटलों, अस्पतालों, कार बाजारों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्ती बरतते हुए तालाबंदी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले 15 दिनों तक पूरा अमला सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक केवल वसूली कार्यों पर केंद्रित रहेगा। हर दिन शाम को किए गए कार्यों की समीक्षा की जायेगी, ताकि पारदर्शिता और गति बनी रहे। अब बहानेबाजी का समय समाप्त हो चुका है। निगमायुक्त ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिभार की छूट का लाभ उठाते हुए अगले 15 दिनों के भीतर अपने बकाया करों का भुगतान करें। इससे न केवल वे दंड स्वरूप लगने वाली अतिरिक्त राशि से बचेंगे, बल्कि शहर की स्वच्छता और विकास में भी अपना योगदान दे सकेंगे। बैठक में अपर आयुक्त अरविन्द शाह के साथ राजस्व अमला उपस्थित रहा।

### ब्यॉज सहित गेच्युटी का करो भुगतान

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा कि जब याचिकाकर्ता के विरुद्ध रिकवरी आदेश निरस्त हो चुका था, तो सरकार को उसे भुगतान कर देना चाहिए था। हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ता को 6 फीसदी ब्याज के साथ ग्रेच्युटी का भुगतान करें। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने इसके लिए 30 दिन की मोहलत दी है।जबलपुर निवासी सेवानिवृत्त शासकीय सेवक सुमन तिवारी की ओर से अधिवक्ता एनके तिवारी एवं गर्वित तिवारी ने पक्ष रखा।

उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा याचिकाकर्ता को ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया गया। दिसंबर 2021 में विभाग ने याचिकाकर्ता के विरुद्ध 3 लाख 23 हजार रुपए की रिकवरी निकाली थी। हाईकोर्ट ने अगस्त 2023 में उक्त रिकवरी आदेश को निरस्त कर दिया था। इसके बावजूद ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया गया, इसलिए दोबारा हाईकोर्ट आना पड़ा। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।